समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# Pune : नसरापूर अत्याचार प्रकरण : पहले 5 दिन तक रखी नजर, फिर वारदात... खुद ही खोज मे शामिल होकर करता रहा गुमराह

Sanket Morankar
Published on 06 May 2026



Pune जिले के नसरापूर इलाके में 4 साल की मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी भीमराव कांबळे को लेकर जांच में जो खुलासे सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले और विचलित करने वाले हैं।

पुलिस जांच के अनुसार आरोपी पिछले 5–6 दिनों से उसी स्थान के आसपास रह रहा था, जहां घटना हुई। वह मजदूरी के बहाने वहीं ठहरा हुआ था और इस दौरान बच्ची की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रहा था।

बताया जा रहा है कि 1 मई को काम खत्म होने के बाद आरोपी ने बच्ची को खाने का लालच देकर एक सुनसान जगह पर ले गया और वहां इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया।

घटना के बाद आरोपी ने बचने के लिए बेहद चालाकी भरा कदम उठाया:

- जब बच्ची के लापता होने की खबर फैली, तो वह खुद गांववालों के साथ तलाश में शामिल हो गया
- परिजनों के साथ मिलकर बच्ची को खोजने का नाटक करता रहा
- इस दौरान उसने किसी को शक नहीं होने दिया

जब ग्रामीणों ने गोठे (घटना स्थल) की ओर रुख किया, तो आरोपी घबरा गया और मौका पाकर वहां से फरार हो गया। इसी हरकत से लोगों को शक हुआ और बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा, यहां तक कि फांसी देने की मांग की जा रही है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ POCSO Act सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था बल्कि समाज के सामने भी गंभीर सवाल खड़े करती है—खासतौर पर बच्चों की सुरक्षा को

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.